राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़
Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0 / 907 / 2022 दिनांकः– 30 जुलाई, 2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबंधक,
समस्त महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ।

विषयः– नोडल समन्वयक एवं प्राचार्य / प्राचार्या / केन्द्राध्यक्ष की बैठक के संबंध में।

महोदय / महोदया,

आप सभी अवगत ही हैं कि दिनांक 06 अगस्त, 2022 से स्नातक प्रथम वर्ष / द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा प्रारम्भ होने जा रही है। नोडल केन्द्रों एवं परीक्षा केन्द्रों की सूची विश्वविद्यालय वेबसाइट एवं कालिज लागिन पर पूर्व में ही उपलब्ध करायी जा चुकी है।

परीक्षा संबंधी तैयारियों में समीक्षा हेतु मा0 कुलपति जी की अध्यक्षता में समस्त नोडल समन्वयक एवं प्राचार्य / प्राचार्या / केन्द्राध्यक्ष की आवश्यक बैठक **दिनांक 02 अगस्त, 2022 अपराह्न 02 बजे श्री वार्ष्णेय कालेज, अलीगढ में स्थित शेखर सर्राफ आडिटोरियम में आहूत की गयी है। उक्त बैठक में आप सभी की उपस्थिति आवश्यक है। स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्राचार्य / प्राचार्या / केन्द्राध्यक्ष से अपेक्षा की जाती है** कि वह बैठक में उपस्थित होने हेतु अपने साथ निम्नलिखित अभिलेखों की प्रमाणित प्रति साथ लेकर आयें:–

1. विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत प्राचार्य का अनुमोदन पत्र।
2. प्राचार्य के आधार कार्ड की छायाप्रति।
3. प्राचार्य के पैनकार्ड की छायाप्रति।

भवदीय

30/7/22
(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. प्राचार्य, श्री वार्ष्णेय कालेज, अलीगढ को इस अनुरोध के साथ कि बैठक हेतु समुचित व्यवस्था कराने का कष्ट करें।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, अलीगढ।
4. सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
5. अधिकृत एजेंसी को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।
6. गार्ड फाईल।

सहायक कुलसचिव

Scanned with CamScanner